सेंसेक्स 80000 के पार

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

4 जुलाई, 2024 को **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) सेंसेक्स** ने पहली बार 80,000 का आँकड़ा पार किया, जो इंट्रा-डे ट्रेड (Intraday Trades) के दौरान 80,074 के नए शिखर पर पहुँचा।

- पिछले **5 वर्षों में सेंसेक्स दोगुना** हो गया है, जबकि 20,000 से 40,000 के आँकड़े तक पहुँचने में इसे 12 वर्ष लगे थे।
  - इसने वर्ष 2006 में इसने पहली बार 10,000 का आँकड़ा, वर्ष 2007 में 20,000 का आँकड़ा तथा वर्ष 2019 में 40,000 का आँकड़ा पार किया।
- **सेंसेक्स (स्टॉक एक्सचेंज सेंसिटिव इंडेक्स- Sensex):**
  - यह एक **शेयर बाज़ार सूचकांक** है जो भारत में [बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE)] में सूचीबद्ध 30 **सबसे बड़ी और सर्वाधिक सक्रिय रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों** के प्रदर्शन पर नज़र रखता है।
    - स्टॉक एक्सचेंज एक केंद्रीकृत स्थान है जहाँ **सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के शेयर खरीदे और बेचे जाते हैं**। **BSE एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज** है जिसकी स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी।
  - सेंसेक्स की **शुरुआत वर्ष 1982 में BSE द्वारा** की गई थी।
  - इसका उपयोग **विश्लेषकों (Analysts) और निवेशकों (Investors)** द्वारा **भारत के आर्थिक चक्रों** के साथ-साथ **विशिष्ट क्षेत्रों की वृद्धि और गिरावट पर नज़र** रखने के लिये किया जाता है।
  - सेंसेक्स का **वर्ष में दो बार पुनर्मूल्यांकन** किया जाता है, पहली बार जून में और दूसरी बार दिसंबर में।
- **निफ्टी 50** (Nifty 50) नामक एक अन्य शेयर बाज़ार सूचकांक [नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE)] में सूचीबद्ध 50 कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करता है। इसे **वर्ष 1996 में शुरू** किया गया था।

और पढ़ें: [भारतीय शेयर बाज़ार वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा बाज़ार]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sensex-touches-80000-mark